इंटर्नशिप रिपोर्ट 2019- 2021

कोरोना के वैश्विक महामारी ने संपूर्ण मानव जगत को प्रभावित करके रख दिया था जिससे शिक्षा जगत अछूता न रहा , वरन इसके स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किये गए दिशा निर्देशों का पालन करते हुए हर वर्ष की तरह श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग के सत्र 2019 2021 के तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों का इंटर्नशिप कार्यक्रम सम्पन हुआ जो चार माह अथवा 16 सप्ताह का निर्धारित है। इंटर्नशिप दिनांक 01.09.2020 से दिनांक 23. 01. 2021 तक जनपद के विभिन्न स्कूलों एवं कालेजों में संपन्न हुआ इंटर्नशिप हेतु स्कूल का नाम इस प्रकार हैं - जूनियर हाई स्कूल हरपुर , कुंवर सिंह इंटर कॉलेज बलिया तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवकली। उपरोक्त स्कूलों में ही सभी विद्यार्थियों ने चार माह तक छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाओं स्कूलों के रूप में शिक्षण अभ्यास किया और पाठ्य सहगामी क्रियाओं में प्रतिभाग किया। सभी छात्राध्यापकों एवं छात्राध्यापिकाओं को पाठ्यक्रम के अनुसार अपने दोनों शिक्षण विषयों से 20-20 पाठ योजनाओं का निर्माण कर कुल 40 योजनाओं का शिक्षण अभ्यास करना रहा। सूक्ष्म शिक्षण के सभी कौशलों का एकीकृत रूप में प्रयोग करना ही शिक्षण अभ्यास का कार्य है।

प्रस्तावना पद से लेकर मूल्यांकन तक का सफल गमन ही शिक्षण अभ्यास का आधार है जिसे प्रतिभागियों में पूर्ण धैर्य एवं नियमबद्धता के साथ पूर्ण किया। साथ ही साथ विभिन्न पाठ्यक्रमों तथा पाठ्य सहगामी क्रियाएं जो शिक्षण अधिगम हेतु आवश्यक होती हैं उनमें सभी प्रतिभागियों ने भाग लेकर उसकी वास्तविक एवं व्यवहारिक ज्ञान प्राप्तप्त किया। सभी छात्र अध्यापकों एवं छात्र अध्यापिका ओं को छात्र मूल्यांकन की बारीकियों को सीखने और समझने का अवसर प्राप्त हुआ। शिक्षण के दौरान शिक्षक डायरी एवं शिक्षण दैनंदिनी को भरना सीखा पाठ्यक्रम को उप पाठ्यक्रम, इकाई, प्रकरण में बांटना सीखा।सह शिक्षण, प्रशिक्षण,समूह शिक्षण आदि जैसे संप्रत्ययो को समझने का अवसर प्राप्त हुआ एकीकृत एवं समावेशी कक्षा शिक्षण की कलाओं का उपयोग करना सीखना प्रतिभागियों के लिए अत्यंत आवश्यक कार्य रहा। इस दौरान इन्हें विशिष्ट बालकों की पहचान एवं उन्हें अमुक विधि से शिक्षा प्रदान करना भी सिखायाया गया । क्रियात्मक अनुसंधान के माध्यम से विद्यालय की तात्कालिक समस्याओं को समझने एवं उन्हें उचित तरीकों से दूर करने का अवसर प्राप्त हुआ। छात्राध्यापकों एवं छात्राध्यापिकाओं की समस्त गतिविधियों का निरीक्षण संबंधित स्कूल के प्रधानाअध्यापक व विषय के अध्यापकों द्वारा किया गया। समय-समय पर अपने कालेज श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग के प्राध्यापकों डॉक्टर ओंकार सिंह , डॉक्टर रमाकांत सिंह , डॉक्टर संजय कुमार सरोज तथा डॉक्टर भारतेंदु मिश्रा का निर्देशन मिलता रहा। इस तरह से इंटर्नशिप कार्यक्रम ससमय सकुशल संपन्न हुआ।

धन्यवाद